web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 ‖ email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, शुक्रवार 26 अक्टूबर 2018 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-31

## सबरीमला प्रदर्शनों के सिलसिले में 1400 लोग गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। सबरीमला के भगवान अयप्पा मंदिर में रजस्वला उम्र (10 से 50 वर्ष) की महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले करीब 1400 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रदेश पुलिस प्रमुख लोकनाथ बेहरा ने बृहस्पतिवार को बताया कि ये गिरफ्तारियां पिछले दो दिनों में की गयी हैं और उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद हिंसक घटनाओं के सिलसिले में 440 मामले दर्ज किए गए हैं। केरल के राज्यपाल पी सदाशिवम ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह से नयी दिल्ली में मुलाकात की और उन्हें कानून व्यवस्था की स्थिति तथा न्यायालय के फैसले के बाद के घटनाक्रम से अवगत कराया। पुलिस ने उन 200 से अधिक लोगों की तस्वीरें जारी की हैं जिनके पिछले



हफ्ते विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने का संदेह है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बुधवार को जिन व्यक्तियों की तस्वीरें जारी की गयीं, उनकी पहचान के लिए सभी जिलों में विशेष टीमें बनायी जाएंगी। पतनमथिट्टा के जिला पुलिस प्रमुख टी नारायणन ने कहा कि 210 लोगों की सूची उनकी तस्वीरों के साथ विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षकों के पास पहचान के लिए भेजी गयी हैं। इन लोगों के प्रदर्शन में शामिल होने का संदेह है। इस बीच 'सन्निधानम' (मंदिर परिसर) में सुरक्षा कड़ी करने के तहत 17 नवंबर से शुरू हो रहे तीन महीने के 'मंडलम-मकरविल्लाकू' सत्र के दौरान 500 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

पुलिस के प्रेस नोट के मुताबिक सन्निधानम, पांबा और निलक्कल में भी पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ायी जाएगी तथा और सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे।

## सिम जारी करने के लिए हो रहा आधार का इस्तेमाल

### सुको की अनदेखी कर रही हैं टेलिकॉम कंपनियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मनाही के बावजूद कई चर्चित टेलिकॉम कंपनियां मोबाइल सिम जारी करते वक्त ई-केवाईसी के रूप में आधार का इस्तेमाल कर रही हैं। यही नहीं, कई टेलिकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि ई-केवाईसी या आधार के बायोमीट्रिक की सुविधा का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें पेपरवर्क करने में समय बर्बाद नहीं होता और उपभोक्ताओं को आसानी से सिम मिल जाता है।

टेलिकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने डिपार्टमेंट और टेलिकॉम (डीओटी) के द्वारा इस पर कोई निर्देश न जारी किए जाने को दर्शाते हुए यह कहा कि वे ई-केवाईसी आधार का तब




तक इस्तेमाल करते रहेंगे, जब तक इसे सरकार द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया जाता है। एक जानी-मानी कंपनी के अधिकारी ने कहा, हम सुविधा को रोकने के लिए इस मामले में डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकॉम के निर्देशों का इंतजार करेंगे।

यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि टेलिकॉम कंपनियां सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अलग हो सकती हैं। अधिकारी ने बताया, हमने डीओटी को इस मुद्दे पर आगाह किया था। उन्हें इस मुद्दे को निपटाना होगा।

गौरतलब है कि 1 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश को चिन्हित करते हुए यूआईडीएआई ने टेलिकॉम कंपनियों को इस बात की लिखित जानकारी दी, आधार सेवाओं का इस्तेमाल मोबाइल कनेक्शन लेने या मोबाइल वेरिफाई करने के लिए नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही 15 अक्टूबर तक ऑपरेटर्स को प्लान उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया था ताकि आधार से होने वाले प्रमाणीकरण को रोका जाए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जापान के होक्काइडो में 5.6 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

एजेंसी। जापान के होक्काइडो में भूंकप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई।

### सीबीआई मामले पर प्रदर्शन कर रहे राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई मामले पर शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी पार्टियों ने सीबीआई दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया. विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी ने अपनी गिरफ्तारी भी दी. राहुल गांधी के साथ अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी गिरफ्तारी दी.

### पटाखों का मामला फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, याचिकाकर्ताओं का आदेशों पर स्पष्टीकरण का आग्रह, 30 को फिर सुनवाई

नई दिल्ली। पटाखों का मामला फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, याचिकाकर्ताओं ने आदेशों पर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया, सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को करेगा सुनवाई करेगा।

### चीन के प्रतिनिधि झेंग जियाओसांग की इमारत से गिरने से हुई मौत

बीजिंग। मकाऊ में चीन के शीर्ष प्रतिनिधि झेंग जियाओसांग (59) की एक इमारत से गिरकर मौत हो गई। वह इसी इमारत में



रहते थे। हांगकांग की तरह मकाऊ भी चीन का अर्द्धधस्वायत्त क्षेत्र है। चीन सरकार ने एक बयान में कहा है कि मकाऊ में चीन के लायजन ऑफिस (संपर्क दफ्तर) के प्रमुख झेंग लंबे समय से अवसाद से पीड़ित थे।


### इंदौर : 2 साल की मासूम के साथ रेप, आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में दो साल की मासूम से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची के रिश्ते के नाना ने उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से गुरुवार देर शाम मिली जानकारी के अनुसार, छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के सेठीनगर में रहने वाली दो साल की मासूम को गुरुवार दोपहर बाद रिश्ते के नाना ने अपनी हवस का शिकार बनाया।

### एंटी करप्शन के अधिकारियों ने लेखपाल को घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

हरदोई। यूपी के हरदोई में एक सरकारी अधिकारी का घूस लेने व रंगे हांथों पकड़े जाने का मामला सामने आया है। तहसील संडीला में तैनात लेखपाल विनीत कुमार को एंटी करप्शन टीम ने 5 हजार रुपए की घूस लेते कछौना चौराहे से गिरफ्तार किया है। लेखपाल बघौली थाना इलाके के महरी में तैनात है। यहीं के निवासी से पट्टे की जमीन पर नाप व कब्जा दिलाने के लिए लेखपाल रुपए की मांग रहा था। टीम ने लेखपाल को गिरफ्तार कर कछौना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है और पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बघौली थाना क्षेत्र निवासी बालक राम ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ इकाई को शिकायत की थी। इसमे उसने कहा कि उनकी ग्राम सभा के लेखपाल विनीत कुमार उनसे पट्टे की जमीन की पैमाइश कर कब्जा दिलाया।

## उत्तरी कश्मीर के सोपोर में मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर, 1 जवान शहीद




सोपोर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में ताबड़तोड़ एनकाउंटर का सिलसिला जारी है। गुरुवार को दक्षिण कश्मीर के त्राल और बारामुला के बाद सुरक्षा बलों ने उत्तरी कश्मीर में भी अभियान तेज कर दिया है। यहां के सोपोर में आतंकियों के खिलाफ एनकाउंटर में सुरक्षाबलों को सफलता मिली है। मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया गया है। इससे पहले गुरुवार को घाटी में सुरक्षाबलों को उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली थी, जब दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 6 आतंकी मार गिराए गए थे।

बताया जा रहा है कि सोपोर के पजलपोरा गांव में छिपे आतंकियों ने अचानक सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। इसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों तरफ से जबरदस्त फायरिंग में दो आतंकी ढेर हो गए। मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद हुआ है। फायरिंग में जवान को गोली लगी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन में सेना की राष्ट्रीय राइफल्स, पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और सीआरपीएफ के जवान मोर्चा ले रहे हैं। सुरक्षाबलों ने इलाके को खाली करा लिया है। वहीं, हालात को देखते हुए स्कूल-कॉलेज को बंद कराया गया है। इसके साथ ही इंटरनेट सेवा को भी सस्पेंड कर दिया गया है।

## भारत में ई रिक्शा की संख्या चीन के कुल इलेक्ट्रिक वीइकल्स से ज्यादा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दुनिया में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सजग भारत अब इलेक्ट्रिक वीइकल को बढ़ावा दे रहा है। यह इलेक्ट्रिक क्रांति अभी कारों तक नहीं पहुंची है, फिर भी हमने सिर्फ बैटरी रिक्शा की बदौलत चीन को पछाड़ दिया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल भारत में करीब 1.5 मिलियन बैटरी रिक्शा चल रहे हैं जो चीन में 2011 से अबतक बेची गई इलेक्ट्रिक कारों की संख्या से ज्यादा हैं।



देश में इलेक्ट्रिक वीइकल्स के सामने अभी लाखों चुनौतियां हैं फिर भी इसपर लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। घर के बाहर, गली में, मेट्रो, बस स्टैंड हर जगह ई-रिक्शा आसानी से मिल जाते हैं। यह अबतक चल रहे ऑटो रिक्शा को कड़ी टक्कर दे रहे हैं क्योंकि यह उनके मुकाबले सस्ते, तेज और चलाने में आसान हैं। पैरों से खींचेने वाले रिक्शे इनके आगे कहीं टिकते ही नहीं। उनमें मेहनत और वक्त दोनों ज्यादा लगता है।

ए.टी. कर्नी नाम की एक कंसल्टिंग फर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हर महीने करीब 11,000 नए ई रिक्शा सड़कों पर उतर रहे हैं। जानकार मानते हैं कि यह आनेवाले वक्त में और तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है।

बता दें कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के शहर सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले टॉप 10 शहरों की लिस्ट में शामिल हैं। ऐसे में समय, पैसे की बचत के साथ-साथ ई-रिक्शा प्रदूषण कम करने में भी योगदान देंगे।

ई-रिक्शा के साथ-साथ सरकार गाड़ियों को भी इलेक्ट्रिक करना चाहती है। इसके लिए 2030 तक का लक्ष्य भी रखा गया है।

भारत में फिलहाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्ज करने के लिए कुल 425 पॉइंट हैं जिन्हें सरकार 2022 तक 2,800 करने वाली है। सरकार के अलावा निजी कंपनियां भी पेट्रोल पंपों के साथ मिलकर अपने पॉइंट लगाने की प्लानिंग में हैं।

## बकरकट्टा और बुकरमका इलाके में मूवमेंट, हाई-अलर्ट

राजनांदगांव। विधानसभा चुनाव में नक्सली वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। नॉर्थ जोन में बकरकट्टा से लेकर बालाघाट बॉर्डर के हिस्से और साउथ जोन में बुकमरका से लेकर गढ़चिरौली तक बड़ी संख्या में इनकी मौजूदगी देखी गई है। इसके बाद से पुलिस ने इंटर स्टेट ऑपरेशन शुरू किया है। संबित ने राहुल को बताया नक्सलियों का पैरोकार, प्रियंका बोलीं- महिला सुरक्षा में फेल है रमन सरकार पुलिस को दोनों ही हिस्सों में नक्सलियों के मूवमेंट और गांव में नक्सली धमक की लगातार सूचना मिल रही है।

## छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडलः दसवीं-बारहवीं की परीक्षा 25 फरवरी से शुरू

रायपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं-बारहवीं की वार्षिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। इस बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होगी। बताया गया कि 2014 में लोकसभा चुनाव है। इस वजह से परीक्षा पहले कराई जा रही है। चुनाव के समय



परीक्षा के आयोजन में दिक्कत आएगी। इसे ध्यान में रखा गया है। पहले से परीक्षा कराए जाने के बाद शिक्षकों की चुनाव ड्यूटी लगाई जा सके यह भी एक वजह है। परीक्षाओं के बाद चुनाव के पहले मूल्यांकन भी किए जाने की तैयारी है।

## बेल पर छूटी युवती का बुजुर्ग पर रेप का आरोप

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। कासना कोतवाली क्षेत्र में 3 महीने पहले ब्लैकमेलिंग के आरोप में जेल गई युवती ने जमानत पर छूटने के बाद शिकायत करने वाले बुजुर्ग पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि बुजुर्ग ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म किया और विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। युवती की शिकायत पर कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

## नाबालिग बेटी से किया दुष्कर्म, अदालत ने पिता को आजीवन कारावास की सजा

जबलपुर। नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के आरोपी एक व्यक्ति को जिला अदालत ने गुरुवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सजा उसे अपने पूरे जीवनकाल तक भुगतनी होगी। बच्चों को यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के विशेष न्यायाधीश आर पी सोनी की अदालत ने दोषी पिता पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसमें 8,000 रुपये की राशि पीड़िता को प्रदान किए जाने के आदेश दिए गए हैं। अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने बताया कि कटनी जिला निवासी मो. सुलेमान (बदला हुआ नाम) की शादी वर्ष 2004 में जबलपुर हनुमानताल निवासी महिला के साथ हुई थी।

## मध्य नाइजीरिया में नाव पलटने से 13 की मौत, कई लापता



एजेंसी। मध्य नाइजीरिया में क्षमता से अधिक भरी एक नाव पलट जाने से उसमें सवार 13 लोगों की मौत हो गई. नाव में सवार सभी लोग किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे. पुलिस और स्थानीय लोगों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. यह दुर्घटना बुधवार को आधी रात करीब एक बजे बेनुए राज्य के बुरुकु इलाके में कात्सिना आला नदी में हुई. राज्य पुलिस के प्रवक्ता मोसस यामू ने संवाददाताओं को बताया, हमने दुर्घटना में 13 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है, बचाव कार्य अब भी जारी है. नाइजीरिया में नावों के क्षमता से अधिक भरे होने और खराब रख-रखाव के चलते उनके पलटने की घटनाएं आम हैं खासकर वर्षा ऋतु के दौरान.एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि दुर्घटना के वक्त नाव में 40 से ज्यादा लोग सवार थे. साथ ही उसने चिंता जताई कि कई लोग एवं उनके सामान का फिलहाल कुछ अता-पता नहीं चला है. वहीं पुलिस प्रवक्ता यामू ने बताया कि नाव में 18 मोटरसाइकिल और उनके चालक एवं अन्य यात्री सवार थे. बेन्यु राज्य के गवर्नर सैमुअल ओर्टम ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुखद बताया. ओर्टन ने संघीय सरकार से एक पुल के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता देने की भी अपील की.

## दो हफ्तों में हो जांच, अंतरिम चीफ एम नागेश्वर राव नहीं ले पाएंगे नीतिगत फैसला

### सीबीआई विवाद पर सुप्रीम फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में चल रही उठापठक के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आलोक वर्मा की याचिका पर फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने ताजा विवाद पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजते हुए कहा है कि सीवीसी आलोक वर्मा के खिलाफ दो हफ्तों में जांच पूरी करे। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के एक रिटायर्ड जज के सुपरविजन में इस मामले की जांच होगी। वहीं ऐक्टिंग सीबीआई चीफ पर भी बड़ा निर्देश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस दौरान कोई बड़ा (नीतिगत) फैसला नहीं लें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नागेश्वर राव ने अबतक जो फैसले लिए हैं, उसे सीलबंद लिफाफे में पेश किया जाए। अब इस मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी। आपको बता दें कि सीबीआई में अंदरखाने का विवाद



सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा और विशेष निदेशक राकेश अस्थाना को छुट्टी पर भेज दिया था। एम नागेश्वर राव को सीबीआई का अंतरिम निदेशक बनाया गया था। इस फैसले के खिलाफ सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। वर्मा ने दलील दी थी कि सीबीआई डायरेक्टर का कार्यकाल दो साल का होता है और उन्हें उस पद से हटाने की सरकार की कार्रवाई से सीबीआई की स्वतंत्रता पर आघात हुआ है।

इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की चीफ जस्टिस की बेंच ने शुक्रवार को अपना फैसला सुना दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीवीसी इस मामले की जांच दो हफ्तों के भीतर पूरी करे। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एके पटनायक के सुपरविजन में सीवीसी अपनी जांच करेगी।